# *प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद*

***श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद*** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज ***दिनांक 19-11-2023*** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ाः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 17.11.2023 को वादी निवासी थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़, मारपीट करने व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में तहरीर देकर थाना पाकब़ड़ा पर मु0अ0सं0-373/2023 धारा -323/354/504 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को निरीक्षक अपराध रमेश कुमार थाना पाकबड़ा द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त विशाल पुत्र जसराम निवासी पाठ वाली मिलक थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**2-अवैध तमंचा, कारतूस व चाकू के साथ 02 गिरफ्तार थाना बिलारीः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को उ0नि0 श्री अनुज कुमार थाना पाकबड़ा द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्तगण 1-मौ0 फरियाद पुत्र निसार निवासी कन्या इण्टर कालेज वाली गली कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 2-इकरार पुत्र मुन्ने निवासी कर्बला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-502/2023 धारा-3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3-अवैध शराब, शराब बनाने के उपकरण, अवैध तमंचा, कारतूस के साथ 02 गिरफ्तार थाना भोजपुरः-**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1-नाजिम पुत्र रहीश निवासी ग्राम सीकमपुर थाना मूँढापाण्डे जिला मुरादाबाद 2-रहीश पुत्र मकसूद निवासी मिलक खपरैल थाना मूँढापाण्डे जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब अपमिश्रित, शराब बनाने के उपकरण (एक ली0 लहन एक शीशी में, एक टीन का पीपा, एक पाइप, एक प्लास्टिक की पिपिया जिसमें 15 ली0 कच्ची शराब अपमिश्रित, एक पालोथीन जिसमें 02 किलो ग्राम यूरिया, एक प्लास्टिक की बाल्टी) व एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0-403/2023 धारा-272 आईपीसी व धारा 60(2) आबकारी अधिनियम व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**4-चोरी करने का प्रकाश मे आया अभियुक्त गिरफ्तार थाना कटघरः-**




अवगत कराना है कि दिनांक 27.08.2023 को वादी श्री हरिसिंह पुत्र नन्हे निवासी मोहल्ला सूरजनगर फल मण्डी रोड पीतलनगरी थाना कटघर मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी के घर से चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 425/2023 धारा - 380 भादवि पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को उ0नि0 श्री पुष्पेन्द्र सिंह थाना कटघर द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त विनीत सैनी पुत्र सोमपाल सैनी निवासी कल्यानपुर थाना कटघर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी के 1,000/- रूपये नगद व एक जोडी पाजेब सफेद धातू बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गई ।

**5-अवैध तमंचा, कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार थाना मैनाठेरः-**



अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा अभियुक्त फैजान पुत्र फुरकान निवासी ग्राम मुण्डी मिलक थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद को 01 तमंचा 12 बोर, 02 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-366/2023 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।